हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

11 एआइकेकेएम-एस ने जलाई बिजली बिलों की प्रतियां



12 क्रिकेट में भारत ने नेपाल को 90 रनों से हराया



## खबर संक्षेप

### कार और पिकअप की टक्कर में छह घायल

**लोहारू।** लोहारू-भिवानी मुख्य सड़क मार्ग पर ढिगावा के पास एक कार और पिकअप गाड़ी की भिड़ंत में कार में सवार दो बच्चों सहित तीन महिलाएं और चालक घायल हो गया। घायलों का भिवानी के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना के बाद डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार लोहारू शहर निवासी अंकित, अनिता, प्रीति और करीब 65 वर्षीय बिमला देवी हांसी में विवाह समारोह में शिरकत करने के बाद शुक्रवार सुबह लोहारू लौट रहे थे। कार में ही डेढ़ वर्ष और अढ़ाई वर्ष के बच्चे भी थे। शुक्रवार सुबह ढिगावा के पास उनकी कार और पिकअप की टक्कर हो गई।

### गुड गवर्नेंस अवॉर्ड के लिए 13 तक करें आवेदन

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा ने बताया कि सरकार 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मना रही है, इस दिन ऑनलॉइन प्लेटफार्म प्रणाली पर बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जिला और प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमो में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुशासन दिवस 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 दिसंबर है, जो हरियाणा सरकार के गुड गवर्नेंस अवॉड्र्स के लिए की गई है। अब ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर आवेदन करें। हरियाणा सरकार द्वारा सुशासन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के लिए गुड गवर्नेंस अवाड्र्स प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार के लिए कर्मचारी और विभाग पात्र होंगे।

## वॉल्व व पाइप लाइन लीकेज ठीक करने में कई घंटे लगे रहे कर्मचारी

# वॉल्व खराब, आधे शहर में बिगड़ी पानी सप्लाई की चाल

नगर पार्षद के हस्तक्षेप के बाद समस्या का समाधान करने में आई तेजी





भिवानी। खराब वॉल्व की जानकारी देते पार्षद व पाइप लाइन में लीकेज को दुरुस्त करने के लिए खोदी गई सड़क। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में दूसरी बार शुक्रवार को देवसर चुंगी स्थित 16 इंची पाइप का वॉल्व खराब हो गया। जिस वजह से अलसुबह आधे से ज्यादा शहर में पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। हालांकि क्षेत्र के लोगों ने पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव को सूचना दी और पार्षद की सूचना के बाद पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन करीब एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में पीने के पानी का संकट बना रहा।

वहीं, पार्षद की सूचना के बाद पब्लिक हेल्थ विभाग ने खराब वॉल्व को बदलने का कार्य शुरू कर दिया। साथ ही इसी इलाके में पाइपों की बड़ी लीकेज को बंद करने में टीम जुट गई। समाचार लिखे जाने तक पब्लिक हेल्थ विभाग खराब वॉल्व को बदलने में जुटा हुआ था। देर रात तक पानी की सप्लाई आने की उम्मीद है।

### इन कॉलोनियों में बनी रही पानी की दिक्कत

शुक्रवार अल सुबह उत्तम नगर, शिव नगर हालू मोहल्ला, हालवास गेट, हनुमान गेट के अलावा आसपास की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाई। पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क साधा तो पता चला कि देवसर चुंगी इलाके में लगाई गई वॉल्व खराब होने से पानी की सप्लाई नहीं चल पाई। उसके बाद उक्त इलाके के लोगों ने पार्षदों को सूचना दी।

### पाइप लीकेज को भी ठीक करवाया

सूचना के बाद पार्षदों ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। उसके बाद पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों ने खराब वॉल्व को बदलने का कार्य शुरू किया। दूसरी तरफ इसी इलाके में पाइप लाइन में बड़ी लीकेज भी थी। उसकी भी खुदाई करवा कर पब्लिक हेल्थ ने दुरुस्त करवा दिया है। इस मौके पर राजेंद्र, विजय, जयसिंह,रतिपाल,शिब्बू, नरेश, वेदपाल के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### एक सप्ताह से थी लीकेज की समस्या

यहां पिछले सात–आठ दिनों से पानी की सप्लाई की लाइन में बड़ी लीकेज बनी हुई थी। जिससे रोजाना हजारों लीटर पीने का पानी सड़कों पर बह जाता था। विगत में क्षेत्र के लोगों की शिकायत के बाद पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव ने कई बार पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों से शिकातय की। लीकेज की वजह से गली के अंतिम छोर के घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता था।

### देर शाम तक पूरा हो जाएगा काम : पार्षद

पार्षद सुभाष व संदीप यादव ने बताया कि उनकी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जांच की तो 16 इंची पाइप लाइन की वॉल्व खराब मिली। जो पाइप लाइन लीकेज थी। उसको भी दुरुस्त कर दिया गया है। साथ ही खराब वॉल्व को बदलने की प्रक्रिया जारी है। देर शाम तक हल की उम्मीद है।

### बिजली पोल गिरने से घंटों बाधित रही बिजली

**बवानीखेड़ा।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लोहारी जाटू में मंढाणा रोड के पास पंजाब नेशनल बैंक के समीप बिजली के खंभों को अज्ञात वाहन चालक के द्वारा टक्कर मारने से पोल गिर गए और बिजली बाधित हो गई। ये घटना बुधवार रात बताई जा रही है। बिजली कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद बिजली को चालू किया। बताया जाता है कि बुधवार रात के समय किसी अज्ञात चालक के द्वारा बिजली के खंभे को टक्कर मार दी, जिससे रात को ही बिजली चली गई और बिजली कर्मचारियों द्वारा काफी मशक्कत के बाद उसे वीरवार दोपहर को चालू किया। वहीं विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुमित कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बिजली के पॉल को दुरुस्त किया। वहीं, उन्होंने बताया कि लगभग एक दर्जन के करीब बंद बिजली के खंभों को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि भविष्य में दिक्कत ना आए। उन्होंने बताया कि जो पोल पहले कंडम हैं या बंदरों के माध्यम से दिक्कत आई हुई है उनको बदला जा रहा है। इनमें कुरड़ी वाला, शिव मंदिर, पुर रोड के पास, मंढ़ाणा रोड़ आदि शामिल हैं। इनमें एचपी 11, कुछ एलटी के पोल को बदला जा रहा है।

## बीईओ के लिखित आश्वासन पर स्कूल से खोला ताला



बाढड़ा। शिक्षा विभाग द्वारा मांगें मानने पर स्कूल के मुख्य द्वार से तालाबंदी हटाते आंदोलनकारी पंचायत प्रतिनिधि व बीईओ जलकरण।

- दो दिन प्रदर्शन करने के बाद छह शिक्षकों को डेपुटेशन पर भेजने और दो को वापस लाने की मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

गांव डूडीवाला किशनपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के गलत तरीके से डेपुटेशन व बाहरी हस्तक्षेप के विरोध में अभिभावकों व विद्यार्थियों द्वारा गुरुवार को मुख्य द्वार पर की गई तालाबंदी दूसरे दिन भी जारी रही। दोपहर को पहुंचे बीईओ जलकरण ने धरनारत ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसमें प्राचार्य जसवंत सिंह को डीडीओ की शक्तियां देने, छह प्रवक्ताओं का दूसरे स्कूलों में डेपुटेशन करने व स्कूल से भेजे गए दोनों शिक्षकों को वापस स्कूल में लगाने के लिखित आश्वासन पर अभिभावकों ने अनिश्चितकालीन तालाबंदी को खेल दिया। गांव डुडीवाला किशनपुरा के सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार व स्कूल प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष संदीप कुमार, हरिओम की अगुवाई में मौजिज ग्रामीणों ने लंबे समय से शिक्षकों के आपसी व्यवहार में गुटबाजी बरतने व शिक्षण व्यवस्था को बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने गुरुवार सुबह ही स्कूल पहुंचकर मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी, जो दशुक्रवार को भी जारी रही।

### मनमाने ढंग से स्कूल आते हैं शिक्षक

ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण आधा दर्जन प्रवक्ता व शिक्षक मनमाने ढंग से स्कूल में आते हैं और गुटबाजी को बढ़ावा देते हैं। ग्रामीण बार-बार सीएम, उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी से गुहार लगा चुके हैं। स्कूल में बाहरी हस्तक्षेप के कारण मेहनती शिक्षकों का रातोंरात बाहरी स्कूल में डेपुटेशन किया जा रहा है जबकी निठल्ले व राजनीतिक पहुंच वाले शिक्षकों को स्कूलों में ही रखकर ग्रामीणों की भावनाओं के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। आज के विरोध प्रदर्शन में सरपंच मुकेश, पूर्व सरपंच राजकुमार, नंबरदार राजकुमार जांगड़ा, रामबिलास शर्मा, संजय खटक, रणसिंह सैनी, रतनसिंह, कश्मीर सिंह, बलवान, सुरेंद्र जांगड़ा, सोनू जांगड़ा, प्रमोद खटक, बाबूलाल पंच आदि मौजूद रहे।

## सीएम फ्लाइंग ने स्कूल बसें रुकवा जांच की, 9 पर जुर्माना



चरखी दादरी। स्कूल बस की जांच करते सीएम फ्लाइंग अधिकारी।

- स्कूल बसों में खामियां मिलने पर करीब 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सीएम फ्लाइंग और आरटीए टीम ने शहर में निजी स्कूल बसों में सुरक्षा संबंधित जांच की। जांच के दौरान 9 स्कूल बसों में खामियां मिलीं। टीम ने हजारों रुपयों का जुर्माना लगाया। शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग और आरटीए टीम ने रावलधी चौक पर नाका लगा दिया। टीम ने निजी स्कूल बसों को रोककर जांच पड़ताल की गई। उन्होंने बसों में सीसीटीवी कैमरे और बच्चों की सुरक्षा संबंधित जांच की। इस दौरान 9 स्कूल बसों में खामियां मिलने पर करीब 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। टीएसआई जगबीर सिंह ने कहा है कुछ स्कूल संचालक बसों में लापरवाही कर रहे हैं, यह बच्चों की सुरक्षा के खिलाफ है। ऐसे स्कूल संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। आज भी 9 स्कूल बसों में खामियां मिली हैं। उन्होंने बताया कि सभी स्कूल बसों की जांच की जाएगी।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में बताई सेक्टर 13 व २३ की दुर्दशा

- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के समक्ष रामकिशन शर्मा ने रखी सड़क निर्माण और विकास की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एवं आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी रामकिशन शर्मा ने शहर के विकास और जनसमस्याओं को लेकर एक बार फिर आवाज उठाई है। शुक्रवार को भिवानी पहुंचे प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में आयोजित कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान रामकिशन शर्मा ने सेक्टर-13 व 23 की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। बैठक में अपनी बात रखते हुए रामकिशन शर्मा ने सबसे पहले भगत सिंह चौक के सामने वाली सड़क की दुर्दशा का मुद्दा उठाया। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि सड़क न होने के कारण यहां दुर्घटना का भय बना रहता है।

- संबंधित खबर पेज 12 पर

### सफाई की मांग

उन्होंने प्रशासन और मंत्री के संज्ञान में यह तथ्य भी लाया कि इस सड़क निर्माण पर लगा कोर्ट का स्टे अब टूट चुका है, इसलिए कानूनी बाधा हटने के बाद अब यहां जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण करवाया जाना चाहिए ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। रामकिशन शर्मा ने सेक्टर-13 व 23 के निवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई अन्य महत्वपूर्ण मांगें भी रखी, जिसमें मकानों पर स्टील नंबर लिखवाने, स्कूल की जमीन की चारदीवारी बनवाने, झाड़ियों की सफाई करवाने, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के का दफ्तर पिछले 15 वर्षों से अधूरा पड़ा है उसे पूरा करवाने, गलियों में सफाई कर्मचारी नियुक्त करने की मांग रखी। शिक्षा मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उचित समाधान का आश्वासन दिया।

## पुराने सिलेंडर को सरेंडर करके लिया जा सकता है नया कंपोजिट सिलेंडर

# अब लोहे की जगह मिलेगा फाइबर वाला हल्का और मजबूत गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। भारी-भरकम और जंग लगने वाले लोहे के सिलेंडरों के दिन अब लदने वाले हैं। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की भारत गैस ने अपने ग्राहकों के लिए आधुनिक तकनीक से बने कंपोजिट सिलेंडर का विकल्प पेश किया है। आम भाषा में लोग इसे प्लास्टिक का सिलेंडर कह रहे हैं, लेकिन वास्तव में यह उच्च गुणवत्ता वाले फाइबर और पॉलीमर से बना बेहद सुरक्षित सिलेंडर है।

शुक्रवार को स्थानीय इंप्रूवमेंट मार्केट स्थित ओम गैस सर्विस पर उज्ज्वला योजना व सिलेंडर स्वैपिंग के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सिलेंडर स्वैपिंग योजना के तहत पुराने लोहे का सिलेंडर लेकर नया फाइबर का सिलेंडर उपभोक्ताओं को दिया गया। वही उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए। ओम गैस सर्विस के संचालक हंसराज ने बताया कि यह नया सिलेंडर न केवल वजन में हल्का है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी पुराने सिलेंडरों से कई गुना बेहतर है। यह सिलेंडर तीन-परत सुरक्षा तकनीक से बना है। अंदर की परत हाई-डेंसिटी पॉलीइथाइलीन से बनी होती है, बीच में फाइबरग्लास की कोटिंग होती है और बाहरी परत भी मजबूत प्लास्टिक की होती है।



भिवानी। नए सिलेंडर के बारे में जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सिलेंडर में दिखेगी कितनी गैस बची

हंसराज ने बताया कि पुराने लोहे के सिलेंडर का खाली वजन ही लगभग 15-16 किलो होता था, जिससे उसे उठाना मुश्किल होता था। वहीं, यह नया कंपोजिट सिलेंडर लोहे के मुकाबले लगभग आधे वजन का है। उन्होंने बताया कि अक्सर उपभोक्ताओं की शिकायत रहती थी कि सिलेंडर कब खत्म होगा, इसका पता नहीं चलता। इस नए सिलेंडर का एक हिस्सा पारदर्शी है। इससे रोशनी में देखकर आसानी से पता लगाया जा सकता है कि सिलेंडर में कितनी गैस बची है। इससे अचानक गैस खत्म होने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह सिलेंडर 10 किलो के विकल्प में उपलब्ध कराया जाएगा।






# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफStyle

# ऐश्वर्या
## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।




हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।



# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।




# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल 'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नजरअंदाज करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## तहसीलदार की मांग को लेकर तहसील पर पांचवें दिन भी धरना

# किसानों ने दो दिन का दिया अल्टीमेटम सोमवार को तालाबंदी की चेतावनी

■ एक माह से कभी पेपरलेस रजिस्ट्री तो कभी डीआरओ के तबादले के कारण कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

भाकियू की अगुवाई में किसान संगठनों, अधिवक्ता संघ व नंबरदार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने उपमंडल कार्यालय के राजस्व विभाग में तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों के पदों पर स्थाई नियुक्ति न होने पर उपमंडल मुख्यालय पर पांचवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता संघ द्वारा तीसरे दिन भी वर्क सस्पेंड जारी रखकर आंदोलन का समर्थन किया।

कस्बे के जुई रोड स्थित तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजीव श्योराण व पूर्व सरपंच गिरधारी मोद की अध्यक्षता में आयोजित बेमियादी धरना प्रदर्शन को वक्ताओं ने संबोधित किया। भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा ने कहा कि उपमंडल मुख्यालय पर राजस्व विभाग के तहसीलदार का पद रिक्त होने से पिछले डेढ़ माह से कामकाज बाधित होने से लोग परेशान हैं। इसे लेकर भाकियू की अगुवाई में अधिवक्ता संघ, नंबरदार एसोसिएशन, स्टांप वेंडर एसोसिएशन पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आरंभ किया था जिसको प्रशासन कोई कदम उठाकर पांच दिन के बाद भी संतुष्ट नहीं कर पाया है। विधायक को बार बार अधिकारियों के रिक्त पदों से अवगत करवाया है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। आज होने वाली तालाबंदी को सोमवार तक टाल दिया है, जिसके बाद बड़े स्तर पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा।

पिछले एक माह से तो कभी पेपरलेस तो कभी डीआरओ के तबादले के कारण तहसील के कामकाज पर पूरी तरह ग्रहण लग गया है लेकिन बार- बार अपील के बावजूद किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस पर दो बार सीएम, उपायुक्त व एसडीएम को ज्ञापन देने के बावजूद किसी भी तहसीलदार की स्थायी तैनाती नहीं होने से अब किसानों के सामने धरना देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

### उपमंडल बनाकर झूठी वाहवाही लूट रही सरकार : श्योराण

एडवोकेट अशोक श्योराण ने कहा कि सरकार बाढड़ा को उपमंडल बनाकर झूठी वाहवाही लूट रही है जबकी यहां पर एसडीएम से लेकर तहसीलदार, बीडीपीओ, एसडीओ के या तो पद रिक्त रहते हैं या फिर वह यहां पर बैठकर आमजन की समस्याएं सुनने की बजाय दादरी जिला मुख्यालय पर बैठकर समय बिता रहे हैं और जनता को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। नवंबर माह में एक भी किसान का क्रेडिट कार्ड, भूमि रजिस्ट्री नहीं होने से किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है लेकिन प्रशासन मौन साधे हुए हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। उनके अलावा भाकियू महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, अधिवक्ता अनिल मान, एडवोकेट अशोक श्योराण, नंबरदार एसोसिएशन अध्यक्ष राजबीर हंसावास, पूर्व सरपंच वेदप्रकाश, करणसिंह बाढड़ा, अतर सिंह बाढड़ा, पूर्व सरपंच गिरधारी मोद, सतबीर बाढड़ा, कमलसिंह हड़ौदी, आनंद वालिया, राम अवतार लाड, अजय आर्य और विकास इत्यादि मौजूद रहे।

## 8 के भिवानी महापड़ाव की तैयारी तेज

**भिवानी।** भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के आवास पर 8 दिसम्बर को प्रस्तावित जोनल प्रदर्शन व महापड़ाव को लेकर आशा वर्कर यूनियन ने जनसंपर्क अभियान तेज किया। जनसंपर्क अभियान के तहत खरक, जुई, चांग, बामला व देवराला पीएचसी पर बैठक करके आशा कर्मियों को रोष प्रदर्शन व महापड़ाव के लिए प्रेरित किया। जनसंपर्क अभियान में आशा वर्कर्स यूनियन की जिला संयोजक सुशीला, राज्य सचिव कमलेश भैरवी, सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह शामिल हुए। आशा कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन व सीटू नेताओं ने कहा कि 8 दिसंबर को भिवानी महेंद्रगढ़ सासंद चौधरी धर्मवीर सिंह के आवास पर रोष प्रदर्शन व महापड़ाव है जिसमें आशा वर्कर को अपनी सौ प्रतिशत भागीदारी करनी है। 8 दिसंबर की अच्छे से तैयारी करवा सभी वर्कर्स को आना बहुत आवश्यक है। भिवानी महापड़ाव में भिवानी, दादरी, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ व रोहतक की आशा वर्कर्स शामिल होगी इसलिए 8 दिसंबर का महापड़ाव निर्णायक होगा।

## खबर संक्षेप



### सूक्ष्म सिंचाई से बढ़ेगी पैदावार, बचेगा पानी

**भिवानी।** मिकाडा विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला सूक्ष्म सिंचाई विभाग (मिकाडा), भिवानी द्वारा गांव बागनवाला के खेल स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई। किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आधुनिक सिंचाई तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सरकार की जल संरक्षण योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति गहरी रुचि दिखाई। प्रमुख वक्ताओं में संदीप एस.डी.ओ., मिकाडा विभाग, महेंद्र सिंह जिलेदार, देवेंद्र कुमार जे.ई., मिकाडा विभाग, अशोक कुमार कृषि एवं आईईसी विशेषज्ञ, समित बरार भूजल विशेषज्ञ, भूपिंदर सिंह वाटर कंजर्वेशन एक्सपर्ट और श्री आशीष नागर कृषि वैज्ञानिक आदि शामिल रहे व अपने विषय के बारे में उपस्थित किसानों को बताया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए भिवानी जिले की 10 ग्राम पंचायतों में इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में अगला कार्यक्रम 8 दिसंबर को गांव पिंजोखरा में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में गांव के सरपंच वीरेंद्र ने अहम भूमिका निभाई।

### कानूनी साक्षरता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**लोहारू।** शिक्षा विभाग के कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में पेंटिंग, स्लोगन लेखन सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और उच्च विद्यालयों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बीईओ विजय प्रभा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम मनोज दलाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का मंच संचालन बबीता कौशिक ने किया। ब्लॉक को-ऑर्डिनेट डॉ सुरेश भारद्वाज ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लब की स्थापना की गई है। प्रतियोगिता में वीर शहीद बनवारी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुड़ल के विद्यार्थी अव्वल रहे। कार्यक्रम में राजीव शर्मा, नीलम देवी, कमल शर्मा, वीरेंद्र शेखावत, पवन प्रकाश शर्मा, पवन सुलख, श्याम सुंदर, विजेंद्र, कविता सरावगी, सुमन शर्मा, मंजू रानी, राजेश श्योराण, रामफल सिंह, शिव कुमार शर्मा, रामसिंह , रणजीत जेई, सज्जन स्वामी, सोमनाथ, बिमला देवी, जगमंत, पंकजरानी, प्रेमलता आदि मौजूद रहे।



### गजानंद शर्मा के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** आदर्श ब्राह्मण सभा भिवानी के संस्थापक अध्यक्ष, अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता आरके शर्मा के बड़े भाई वीआईपी स्कूल आसलवास मरेहटा के संस्थापक गजानंद शर्मा के निधन पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व्यक्तियों ने शोक जताया। आदर्श ब्राह्मण सभा ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के अध्यक्ष सुभाष कायला एवं महिला अध्यक्ष सुमन शर्मा ने बताया कि गजानंद शर्मा मिलनसार, सामाजिक एवं ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी रस्म पगड़ी 7 दिसंबर रविवार को 3 बजे उनके निवास स्थान आसलवास मरेहटा पर होगी। शोक व्यक्त करने वालों में देवसर धाम के मुख्य पुजारी कंवर पाल, प्रमुख समाजसेवी मंगतूराम बलियाली, कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी, विनोद शर्मा, धर्मवीर नागर, डॉक्टर कुलश्रेष्ठ, साधुराम धारेडू, मुकेश चेयरमैन, अधिवक्ता सुनील दादरी वाले, रविंद्र शर्मा, मुन्ना प्रदीप एम सी, विनोद , राकेश वत्स, चित्रपाल सरपंच लोहानी, सत्येंद्र पहलवान, ब्राह्मण विकास परिषद के अध्यक्ष प्राचार्य सीलकराम शर्मा, मनोज वशिष्ठ, ललित मराठा, एसएल स्कूल के संचालक सीपी मलिक, सर्वोदय स्कूल ढिगावा के संचालक सुमेर लंबोरिया, लॉर्ड कृष्णा स्कूल खरक के संचालक रामफल वाल्मीकि, पीबीएच स्कूल के संचालक जितेंद्र शर्मा, बीआरएम स्कूल सुई के संचालक जयसिंह शास्त्री आदि उपस्थित थे।

### खेती के लिए कराएं पीएम फसल बीमा : फौगाट

**भिवानी।** उप कृषि निदेशक विनोद फौगाट ने बताया कि सरकार की ओर से खेती को जोखिम मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। इसके लिए पोर्टल खोल दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा भिवानी जिले के लिए रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी को फसलों के बीमे के लिये अधिसूचित किया गया है। उन्होंने ने जिले के किसानों से आह्वान किया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी रबी की फसलों का बीमा 31 दिसम्बर 2025 तक अवश्य करवाएं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की 5 फसलों सरसों, गेहूं जौ, चना व सूरजमुखी का बीमा करवाया जा सकता है। सरकार द्वारा प्रत्येक फसल के लिए किसान की हिस्सेदारी निर्धारित की गई है।

### सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान : श्योराण

**बाढड़ा।** केन्द्र व प्रदेश सरकार की लापरवाही नीतियों के कारण गरीब किसान, श्रमिक, बेरोजगार व महिला वर्ग परेशानियों से जूझ रहे हैं और सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने व सीएम की झोझू रैली के चार माह गुजरने के बाद भी उपमंडल क्षेत्र की जनता को एक भी योजना नहीं मिल पाई है जिससे आमजन अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। यह बात कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण ने हलके के जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उपमंडल क्षेत्र के किसानों को चार सीजन का बकाया मुआवजा जारी नहीं होने से पांच माह से बेमियादी धरना चल रहा है। वहीं उपमंडल के राजस्व विभाग में तहसीलदार के पद पर अधिकारी नहीं होने से परेशानी से जूझ रहे दस सामाजिक संगठनों को दूसरी जगह धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। कांग्रेस जनता के हितों से किसी तरह की सौदेबाजी सहन नहीं करेगी और जल्द ही सभी सामाजिक संगठनों की अगुवाई में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। दिल्ली में होने वाली वोट चोरी रैली को सफल बनाने के लिए गांव गांव जनसंपर्क अभियान शुरू किया जा रहा है। उनके अलावा कांग्रेसी नेता सुरेश धनासरी, विजय मोटू, पूर्व चेयरमैन कृष्ण काकड़ौली, प्रदीप ढिल्लू आर्यनगर व सोनू मांढी आदि मौजूद रहे।।

### विश्व मृदा दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम चलाया

**बाढड़ा।** गांव कारी दास के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में नसीब सिंह स्कूल मुखिया की अध्यक्षता में विश्व मृदा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक जिला यूथ एंड इको क्लब के जिला समन्वयक मास्टर प्रीतम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 5 दिसंबर को हर साल विश्व मृदा दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिसंबर को पहली बार 5 दिसंबर का दिन विश्व मृदा दिवस के रूप में घोषित किया था। प्रीतम कारी ने बताया कि इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों में मृदा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मृदा के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देना है। जब हमारी मृदा स्वस्थ रहेगी तभी हमें फल- फूल और अनाज व सब्जियां अच्छी गुणवता वाली प्राप्त होंगी। इस अवसर पर सुंदर सिंह, नरेश कुमार, कुलदीप सिंह प्रधान, डप देवी, रविंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### विधवा महिलाओं के अधिकारों को लेकर बैठक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में विडो सेल की मासिक ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलेभर में विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा विधवा महिलाओं के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें पेंशन योजनाएं प्रमुख हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विधवा महिला तक समय पर पहुंचना चाहिए। सीजेएम ने जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी विधवा महिला या उसके बच्चे से संबंधित पेंशन फॉर्म में कोई कमी रह जाती है, तो संबंधित परिवार को फोन द्वारा सूचित कर आवश्यक सुधार तत्काल करवाए जाएं, ताकि किसी पात्र महिला को पेंशन से वंचित न रहना पड़े।

## नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में दी जानकारी



**बवानीखेड़ा।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व अन्य।

**बवानीखेड़ा।** डाइट भिवानी में स्कूल मुखियाओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण का संचालन डाइट प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी, चरखी दादरी, धर्मेंद्र के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में कुल 12 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न मास्टर ट्रेनर्स ने स्कूल प्रमुखों को नई शिक्षा नीति 2020 के रोडमैप से अवगत कराया। समापन सत्र में एससीईआरटी गुरुग्राम से पधारे दिनेश कुमार ने स्कूल लीडरशिप के विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया और भविष्य में नीति के अनुरूप विद्यालय संचालन में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुसुम, प्राचार्य, ने एफएलएन विषयक सत्र का संचालन किया। डॉ. ओमप्रकाश पवार ने नई शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 पर विस्तृत जानकारी दी, वहीं नरसिंह ने विद्यालय नेतृत्व एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डाइट भिवानी की प्रभारी मोनिका, प्रवक्ता नीरज कुमार एवं विवेक कुमार की सक्रिय उपस्थिति रहे।

# एआइकेकेएमएस ने जलाईं बिलों की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



**तोशाम।** बिजली बिल की प्रतियां फूंकते हुए आंदोलनकारी।

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ता और समर्थकों ने बीज विधेयक 2025 को वापस लेने तथा बिजली क्षेत्र को प्राइवेट हाथों में देने के बिजली संशोधन बिल 2025 को निरस्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को तोशाम नई अनाज मंडी में दोनों बिलों की प्रतियां जलाई।

इस दौरान संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बीज विधेयक 2025 का ड्राफ्ट पेश किया है जिसमें किसानों के हितों के खिलाफ व देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हित में बीज उत्पादन सौंप देने का प्रावधान है। बीज उत्पादन निजी हाथों में जाने से दामों में भारी वृद्धि हो जाएगी और खेती की लागत और अधिक बढ़ जाएगी, जिससे किसान क़र्ज़दार हो जाएंगे और उनकी आत्महत्या दर बढ़ जाएगी। इस मौके पर मौजूद जिला कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह कटारिया ने कहा कि बिजली संशोधन बिल 2025 के कानून बनते ही बिजली उत्पादन और वितरण निजी कंपनियों के हाथों में चला जाएगा। जिसके बाद बिजली के दाम दूसरी वस्तुओं की तरह बढ़ने शुरू हो जाएंगे

जैसा कि सबको मालूम है कि देश के हर नागरिक को कम से कम संभव कीमत पर बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही आजादी के बाद बिजली को एक जन-कल्याणकारी सेवा माना गया था। लेकिन 1990 के दशक में भूमंडलीकरण की आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद बिजली को खरीद-फरोख्त की वस्तु में तब्दील कर दिया गया ताकि निजी व्यापारिक कंपनियां (कॉरपोरेट घराने) मनमाना मुनाफा लूट सकें। अब 2025 के बिजली बिल में बिजली को प्राइवेट कंपनियों को देने के फैसले से पहले ही महंगाई की मार झेल रही जनता को गहरे संकट में धकेल दिया जायेगा, क्योंकि इसके साथ ही हर तरह की सब्सिडियों को धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाएगा। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) का वही हाल होगा, जो रसोई गैस के मामले में हुआ है।

किसानों तथा उपभोक्ताओं को पहले पूरा बिल भुगतान करना होगा, उसके बाद प्रतिपूर्ति के लिए इंतजार करना होगा। जिससे बिजली जैसी एक जन-उपयोगी सेवा को अधिक से अधिक मुनाफा लूटने की वस्तु में तब्दील कर दिया जाएगा। बिजली के प्राइवेट हाथों में जाने से बिजली के दाम दूसरी आवश्यक वस्तुओं की तरह प्रतिदिन बढ़ाए जाएंगे। बिजली के निजीकरण से यह शिक्षा और इलाज की तरह ग़रीब लोगों की पहुँच से बाहर हो जाएगी। इस मौके पर विरोध प्रदर्शन में रामकुमार कटारिया, हजारी शर्मा, फूलचंद सैनी, ईश्वर सिंह, राजवीर सिंह, अनिल कुमार बागनवाला, सुरेश पंघाल, चेतन शर्मा, जसमेर, रामकुमार पंघाल, अशीष शर्मा आदि किसान मौजूद थे।

# शिकायतों के री-ओपन होने पर संबंधित विभाग के अधिकारी होंगे जिम्मेदार : डीसी

■ समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने विभागाध्यक्षों को शिकायतों को गंभीरता से लेने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का समाधान कर एटीआर स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से अपडेट करें ताकि समस्या मुख्यालय स्तर की समीक्षा में समस्या री-ओपन ना हो। समस्या के री-ओपन होने पर संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

डीसी गुप्ता शुक्रवार को समाधान शिविर समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान सहित पूर्ण रिपोर्ट साथ लेकर आएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं चंडीगढ़ से समाधान शिविरों की समीक्षा करते है, ऐसे में समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्घ तरीके से समाधान करें। उन्होंने कहा कि समस्या रिओपन होती है तो उसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

वहीं दूसरी ओर वीसी के माध्यम से चंडीगढ़ से शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने सभी जिलों के डीसी को निर्देश दिए कि वे लंबित समस्याओं का प्रमुखता से समाधान करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने सफाई और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि स्वच्छता और गंदगी से संबंधित लंबित समस्याएं न रहें। इस दौरान डीएमसी गुलजार मलिक, सीटीएम अनिल कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार और डीएफओ प्रदीप कौशिक सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### स्पष्ट रूप से अपडेट करें समाधान की एटीआर

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में आई शिकायतों का समाधान कर एटीआर स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से अपडेट करें ताकि समस्या मुख्यालय स्तर की समीक्षा में समस्या रिओपन ना हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान के नाम पर खानापूर्ति ना करें बल्कि समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका त्वरित समाधान करें। उपायुक्त शुक्रवार को समाधान शिविर समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए और कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान सहित पूर्ण रिपोर्ट साथ लेकर आएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं चंडीगढ़ से समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं, ऐसे में समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें। उन्होंने कहा कि समस्या रिओपन होती है तो उसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का समाधान करके स्पष्ट रूप से एटीआर पर अपडेट करें।

## गंभीर बीमारियों में मिलेगी दिव्यांग पेंशन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र नागरिकों को दिव्यांग पेंशन देने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का स्थाई निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो।

उन्होंने बताया कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। सरकार द्वारा गत 3 मार्च 2025 को दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया है। इसमें चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी और भाषा दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक बीमारी, दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारी, मल्टीपल स्कलेरोसिस, पार्किंसंस रोग, सिकल सेल रोग, बहु विकलांगता, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक एवं बौना आदि विकार शामिल हैं। इन बीमारियों से संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिव्यांग पेंशन मिलती है।

# डीडब्ल्यूपीएस ने किया लीगल लिटरेसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी के छात्रों ने सरकार हरियाणा द्वारा आयोजित स्टूडेंट्स लीगल लिटरेसी प्रोग्राम के तहत हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता, अभिव्यक्ति कौशल तथा तर्कशक्ति को बढ़ावा देने पर केंद्रित थीं।

ब्लॉक स्तर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के तीन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए। कक्षा 11वीं की छात्रा रिधम ने स्पीच प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रभावशाली वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 9वीं के प्रतिभाशाली छात्र भार्गव और सरन्यु ने अपनी गहन तर्कशक्ति और सशक्त अभिव्यक्ति के दम पर डिबेट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों छात्रों का अब ज़िला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हो चुका है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इन उपलब्धियों के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू ने छात्रों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी परिवार को विश्वास है कि रिधम, भार्गव और सरन्यु आगे भी इसी तरह अपने प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

## मौसम बदलने पर शरीर को नए तापमान के अनुसार खुद को ढालने में समय लगता है

# बदलते मौसम में बरतें एहतियात, वायरल से हो रहे बीमार

**बवानीखेड़ा।** मौसम का बदलाव प्रकृति का हिस्सा है, लेकिन कई बार यह हमारी सेहत के लिए चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जैसे-जैसे मौसम गर्मी से बरसात या बरसात से ठंड की ओर परिवर्तित होता है कुछ लोग सर्दी-जुकाम, बुखार या एलर्जी की चपेट में आ जाते हैं। चिकित्सकों ने इसको लेकर अपने विचार साझा किए।

### तापमान में उतर-चढ़ाव का रखें ध्यान : डॉ. बिशम्बर

डॉ. बिशंबर चानना ने बताया कि गर्मी से ठंड की और जाते समय हवा ठंडी और ड्राई हो जाती है जो



राइनोवायरस और इन्फ्लूएंजा जैसे वायरस के लिए अनुकूल स्थिति पैदा करती है। ये वायरस ठंड में ज्यादा एक्टिव रहते हैं और आसानी से फैलते हैं। परिवर्तनशील मौसम में नाक बहना, बंद होना, गले में दर्द या खराश, तेज बुखार और थकान, शरीर में दर्द और कमजोरी, आंखों में जलन या छींक आना, पेट दर्द या उल्टी, सांस लेने में परेशानी होती है इसलिए ध्यान रखना चाहिए और समय पर उपचार लेते रहना चाहिए।

### इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ जाने से दिक्कत : डॉ. बूटाराम

डॉ. बूटा राम धमीजा ने बताया कि मौसम बदलने पर शरीर को नए तापमान और वातावरण के अनुसार खुद



को ढालने में समय लगता है। इस दौरान इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ जाता है जिससे वायरस और बैक्टीरिया आसानी से शरीर को प्रभावित करते हैं। ठंड गर्मी के उतार-चढ़ाव से सर्दी, खासी, एलर्जी, गले में इंफेक्शन जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए हमें इस मौसम में बचाव की सख्त जरूरत होती है। शरीर में हरकत महसूस होने पर चिकित्सक से सलाह लेकर उपचार करवाना चाहिए।

### वाहन चलाते समय मुंह ढांपकर चलाएं : डॉ. सुनील

डॉ. सुनील टुटेजा ने बताया कि परिवर्तनशील मौसम में वाहन चलाते समय मुंह ढांपकर वाहन चलाना चाहिए



ताकि धूल मिटटी के कारण शरीर के अंदर प्रवेश न करें। क्योंकि यह खांसी, जुकाम, बुखार को निमंत्रण देते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि ठंडे पानी व ड्रिंक के सेवन से बचना चाहिए व एसी और कूलर को बंद करके कम स्पीड पर पंखा चलाना चाहिए। कमजोरी महसूस होने पर चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए। इस मौसम में थोड़ी सी भी लापरवाही बड़ी बीमारी को न्योता दे सकती है।

### ज्यादा हरकत पर डॉक्टर से उपचार करवाएं : डॉ. अनिता

डॉ. अनीता अरोड़ा ने बताया कि अगर सामान्य सर्दी जुकाम या बुखार है तो घरेलू उपचार अपना सकते हैं



और बेड रेस्ट कर सकते हैं, इससे आराम मिल जाता है। यदि शरीर में ज्यादा हरकत महसूस हो तो चिकित्सक से उपचार करवाना उचित रहता है, देरी नहीं करनी चाहिए। समय पर उपचार लेते रहना चाहिए। कई बार इलाज में देरी होने पर बीमारी बढ़ने का खतरा बना रहता है। इसलिए डॉक्टर के पास जाने में लापरवाही न बरतें। इससे पहले हमें ठंड से बचने के उपाय करने चाहिए।

## शिक्षा मंत्री ढांडा ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# कष्ट निवारण समिति की बैठक में 9 शिकायतों का मौके पर ही समाधान

### सरकार मेरिट के आधार पर बिना खर्ची, बिना पर्ची के युवाओं को दे रही रोजगार: महिपाल



भिवानी। कष्ट निवारण समिति की बैठक में दिशा निर्देश देते मंत्री महिपाल।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में विकास एवं रोजगार के लिए वातावरण बनाया है। वह समय था जब खर्ची-पर्ची के चलते बच्चों ने पढ़ना छोड़ दिया था। भाजपा सरकार ने इस धारणा को तोड़ा है। आज बच्चे पढ़कर रोजगार के क्षेत्र में झंडे गाड़ रहे हैं, इसी तरह खेलों में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ढांडा शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। बैठक में 14 परिवाद रखे गए, जिसमें से 9 का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष परिवादों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान करें और जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में आने वाले परिवादों पर पूरी गंभीरता से कार्रवाई करें। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि, बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, डीसी साहिल गुप्ता, एसपी सुमित कुमार, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा भी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा पर पूरा फोकस किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणामों में रिकार्ड सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि स्कूलों के पुराने भवनों को लगभग दुरुस्त कर दिया गया है, बावजूद इसके निर्देश दिए गए हैं कि कोई जर्जर अवस्था में भवन है तो उनकी रिपोर्ट सबमिट करें। स्कूलों में बिजली-पानी, शौचालय जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा किया गया है। एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि एक अप्रैल तक तबादले कर पोस्टिंग देने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए ताकि आगामी शिक्षा सत्र की पढ़ाई बाधित न हो।

#### ये अधिकारी मौजूद रहे

बैठक में जिला परिषद् के सीईओ अजय चोपड़ा, डीएमसी गुलजार मलिक, सीटीएम अनिल कुमार, एसडीएम मनोज दलाल, एसडीएम विजया मलिक, सिविल सर्जन डॉ रघुवीर शांडिल्य, डीडीपीओ सोमवीर कादयान, डीडीए डॉ विनोद फोगाट, डीईओ निर्मल दहिया, एसई सुनील रंगा व ओपी बिश्नोई, ईओ राजाराम, एक्सईन संजय रंगा, नवीन देशवाल,कपिलदेव,डीपीओ वैशाली,डीएचओ डॉ देवीलाल,एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, चेयरमैन शीशराम गोलागढ, विजय शेखावत, बवानीखेड़ा नपा चेयरमैन सुन्दर अत्री, रमेश पचेरवाल, रामकिशन शर्मा, गोविंदराम बंसल, सुरेंद्र जांगड़ा, अशोक देवराला, कमल फौजी, महेंद्र यादव, उमेद जांगड़ा, बबिता तंवर सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक और सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्रों को संवेदनशीलता व समानता के महत्व को समझना चाहिए

**रावमावि समसपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समसपुर में स्वाकीर न्याय एवं सम्मान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु न्यायाधीश अन्नू ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और कहा कि छात्रों को संवेदनशीलता, समानता व लिंग सम्मान के महत्व को समझना चाहिए। समाज में सकारात्मक परिवर्तन केवल जागरूकता और स्वीकार्यता से ही संभव है। इस दौरान रिसोर्स पर्सन एडवोकेट दिव्यता गोयल ने छात्रों को महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लिंग पहचान, गरिमा और समानता, खुद की पहचान का अधिकार, भेदभाव से सुरक्षा, बाल संरक्षण कानून, कल्याणकारी प्रावधान, ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम, गिरफ्तारी एवं बचाव और जांच के दौरान अधिकार को लेकर छात्रों की जिज्ञासा को दूर किया।

## न्यूज डायरी



### नशे के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

**भिवानी।** थाना सिविल लाइन भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी सेक्टर-13 के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने टीम सहित चौधरी बंसीलाल पॉलिटेक्निक कॉलेज, सेक्टर-13 भिवानी में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान एएसआई विजय कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में नशा युवाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है, जो न सिर्फ स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार व समाज पर भी गंभीर प्रभाव छोड़ता है। विद्यार्थियों को नशे से बचने के उपाय, नशा करने वालों के व्यवहार में आने वाले बदलाव तथा नशे के जाल में फंसने से स्वयं को व दूसरों को कैसे बचाया जाए, इस बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



### बच्चों ने स्काउट्स एवं गाइड के शिविर में लिया भाग

**चरखी दादरी।** गांव चरखी स्थित एससीआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा द्वारा आयोजित स्टेट लेवल नेचर स्टडी कैंप में उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज करवाई। यह कैंप 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित किया गया। कैंप के दौरान बच्चों को एक-दूसरे की सहायता करना, आत्मरक्षा के गुर, प्राथमिक उपचार, अनुशासन, टीमवर्क तथा देश-प्रेम की भावना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रकृति की गोद में बसे इस पांच दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों ने ट्रेकिंग, समूह गतिविधियों तथा सामूहिक जीवन-शैली का अनुभव कर आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को और मजबूत किया। एससीआर स्कूल की ओर से इस कैंप में अध्यापक पंकज शर्मा के नेतृत्व में छात्र जय, अंकुश, हिमांशु और यशु ने भाग लिया। शिविर से लौटने पर विद्यालय में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### श्रीराम पब्लिक स्कूल के बाल वैज्ञानिक छाए

**चरखी दादरी।** श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हड़ा के विज्ञान विभाग ने एससीईआरटी द्वारा आयोजित बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। एससीईआरटी गुरुग्राम की ओर से ब्लॉक स्तर के लिए बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन 3 दिसंबर 2025 को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढ़डा में किया गया था। विद्यालय के छात्र तेजस्वी आर्या ने उभरती हुई तकनीक विषय में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विद्यालय के इस मेधावी छात्र ने हाथ मिला नामक ऐप विकसित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहिम आत्मनिर्भर भारत को मध्य नजर रखते हुए इस ऐप को विकसित किया गया ताकि हर कारीगर को रोजगार मिल सके व हर घर को कारीगर मिल सके और लोग आत्मनिर्भर बन सकें। विद्यालय प्रधानाचार्य अमित जाखड़ ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि छात्र तेजस्वी ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ पिछले कुछ दिनों से लगातार इस ऐप को बनाने में अपनी जी-जान झोंक रखी थी और आज उसका परिणाम सफलता के रूप में सामने आया है।

## नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराना सच्ची मानवीय सेवा: गुप्ता

- सिविल अस्पताल में अन्नपूर्णा भंडारे में मरीजों के तीमारदारों को भोजन किया वितरित



भिवानी। भोजन वितरित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

अन्नपूर्णा भंडार के माध्यम से मरीजों के परिजनों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराना वास्तव में सच्ची मानवीय सेवा का अनुपम उदाहरण है। ऐसे प्रकल्प मानव जाति के लिए बड़ा पुनीत कार्य हैं। इस तरह के कार्य वास्तव में परमात्मा से मिलन का सीधा मार्ग है। यह बात वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता ने कही। वे प्रमुख समाजसेवी संस्था चंडी मानस आरोग्य समिति हरियाणा द्वारा संचालित अन्नपूर्णा आयाम द्वारा चौधरी बंसीलाल हॉस्पिटल भिवानी में मरीजों के तमीरदारों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था अन्नपूर्णा भंडारे में भोजन वितरित करने पधारे थे। उन्होंने कहा कि अस्पताल में रोगी के साथ रहने वाले परिवारजन मानसिक और आर्थिक दोनों प्रकार के बोझ से गुजरते हैं। ऐसे समय में यह व्यवस्था उनके लिए सहारा बनती है। आज की रसोई के वितरण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश सिंगला, चंडी मानस आरोग्य समिति हरियाणा की अध्यक्ष डॉ. प्रोमिला सुहाग, सचिव मुकेश सिंगला, टैक्स कंसल्टेंट एडवोकेट अरुण महता, अन्नपूर्णा आयाम के उपाध्यक्ष डॉ. विष्णुकांत, सह सचिव आशुतोष गौड़, सह कोषाध्यक्ष, धवल गुप्ता, कमल, गजानंद एवं रीतेश गोयल मुख्य रूप से शामिल रहें। विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश सिंगला ने कहा कि यह कार्य हम सबके लिए केवल दान नहीं, बल्कि कर्तव्य है। किसी भी परिवार को अस्पताल में भूखे पेट रात न गुजारनी पड़े।

## जुलाना रैली में बाढड़ा से रिकॉर्ड भागीदारी होगी: नैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढड़ा



बाढड़ा। युवा जजपा हलकाध्यक्ष दीपेश कारी के आवास पर कार्यकर्ताओं से मिलती पूर्व विधायक नैना चौटाला।

पूर्व विधायक व जजपा नेत्री नैना चौटाला ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस केवल बड़े पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रहे हैं और किसान व नौजवान के हितों व नारी शक्ति की सुरक्षा के लिए केवल जजपा ही तत्पर रही है। जुलाना रैली में मेरे बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र से महिलाओं की सबसे अधिक भागीदारी होगी। यह बात उन्होंने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के दौरे के दौरान कही। इससे पूर्व विधायिका नैना सिंह चौटाला ने गांव कारी आदू में युवा जजपा हलकाध्यक्ष दीपेश कारी की बहन की शादी में शिरकत की एवं आशीर्वाद दिया तथा काकडोली हुकमी में ओमधारा स्योराण के आवास पर पहुंची। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी 8 वें स्थापना दिवस समारोह पर जींद के जुलाना में 7 दिसंबर को होने वाली जनसरोकार दिवस रैली को लेकर पूरी तरह तैयार है। अजय चौटाला की कर्मभूमि बाढडा से अकेले 10 हजार लोगों के जुलाना रैली में शिरकत करने का दावा करते हुए नैना चौटाला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और उन्हें रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जी-जान से जुट जाने का आह्वान किया।

#### ये लोग मौजूद रहे

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजदीप फौगाट,किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सज्जन बलाली, हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली, हल्का अध्यक्ष राकेश कलकल, जिला प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र हूई, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमधारा स्योराण, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश पालडी, सुबेदार कर्णसिंह मांढी, दीपक मोद, संदीप सांगवान धारणी, शंकुतला झोझु कलां, तेजवीर काकडोली, संजीव काकडोली, रामकुमार कादमा, संजय जगरामबास,सुरेंद्र यादव, धनसिंह कारी धर्मवीर फोगाट, जयभगवान उमरवास, प्रेम मंदोला, संजीव चरखी, मंदीप मोद, कप्तान महिपाल स्वामी, जयभगवान लाड, नवीन कारी, हरपाल हंसावास, रोहतास बाढडा, रणवीर पहलवान आदि मौजूद रहे।

## जागरुकता शिविर में 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- आकवुड विद्यालय में जेबी गुप्ता हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन
- स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ जीवनरक्षक कौशल भी प्रदान करते है शिविर



भिवानी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो:हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

दि आकवुड स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को जेबी गुप्ता हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य एवं कार्डियक अरेस्ट जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को हृदय रोगों के प्रति जागरूक करना तथा स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना किया गया जिसमें मुख्य अतिथि का पर्यावरण जागरूकता के ध्यान में रखते हुए पौधा भेंट कर विद्यालय प्राचार्य सज्जन भारद्वाज द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात पूरी टीम ने बेहद बारीकी से सभी विद्यार्थियों अध्यापक गण व कर्मचारियों को हृदय से संबंधित बचाव तथा प्राथमिक उपचार के गहन जानकारी बेहद सरल भाषा में दी। साथ ही बच्चों से निवेदन किया गया कि वह घर जाकर इस जानकारी को अपने माता-पिता से साझा करें। तत्पश्चात शिविर में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। चिकित्सकों ने छात्रों की हृदय धडक़न, रक्तचाप, हाइट-वेट, सामान्य फिटनेस सहित विभिन्न स्वास्थ्य मापदंडों की जांच कर व्यक्तिगत सलाह प्रदान की। इस दौरान 200 से अधिक विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच भी गई।

#### स्मृति चिन्ह भेंट किया

इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य सज्जन भारद्वाज, निदेशक दिनेश सिंह व कार्यकारिणी सदस्य विक्रम राणा व मानवेंद्र सिंह ने भी इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे शिविर छात्रों में ना केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें जीवनरक्षक कौशल भी प्रदान करते हैं। विद्यालय परिवार ने जेबी गुप्ता हॉस्पिटल की पूरी टीम का स्मृति चिन्ह भेंट कर हृदय से आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी बताया और उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## मांगें पूरी न होने पर बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन ने की बैठक

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक बीडी भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यकारी अभियंता सब अर्बन डिविजन के परिसर में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव आरके चावला ने किया। बैठक में कार्यकारी अभियंता के प्रति भारी रोष प्रकट किया गया। बैठक के प्रारंभ में पूर्व दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोमवार 8 दिसम्बर को कार्यकारी अभियंता सब अर्बन डिविजन के प्रांगण में आयोजित करके निगम अधिकारी पर रुके हुए कार्यों को करने के लिए दबाव डाला जाएगा और तब तक चलता रहेगा जब तक कार्यों का समाधान नहीं होता। बैठक में एसोसिएशन के प्रधान बाल मुकन्द बापोड़ा, वरिष्ठ उपप्रधान फतेह सिंह श्योराण, उपप्रधान रामेश्वर गोलागढ़, राजपाल सिंह चाहर, के.के.वर्मा, रामनिवास कौशिक, ओमबीर सिंह मौजूद रहे।

## ऋण योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से प्रदान करें बैंक अधिकारी: सर्राफ

- सांस्कृतिक सदन में आयोजित हुआ आपकी पूंजी-आपका अधिकार अभियान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जिला अग्रणी बैंक द्वारा भारत सरकार वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार स्थानीय सांस्कृतिक सदन में आपकी पूंजी-आपका अधिकार अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा सहकारी बैंक भिवानी के चेयरमैन सुधीर चांदवास भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएलबीसी प्रतिनिधि एवं पीएनबी जोनल कार्यालय हिसार से एजीएम भूपेंद्र सिंह सैनी की। जिला अग्रणी बैंक अधिकारी भिवानी राजवंती ने सभी ग्राहकों और अन्य बैंकों के अधिकारियों का स्वागत किया । कार्यक्रम में अपना संदेश देते हुए विधायक सर्राफ ने कहा कि सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से अनेक ऋण संबंधित योजनाए चलाई जा रही हैं। नागरिकों को उन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि बैंकों द्वारा अनक्लेम राशि वापिस दी जा रही है। वे लोगों को बेहरत व सुगम तरीके से योजनाओं का लाभ प्रदान करें। जागरूकता शिविर में बैंकों व बीमा कम्पनियों द्वारा स्टाल लगा कर अनक्लेक राशि व वित्तिय डिजिटलीकरण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नाबार्ड हिसार के कलस्टर हेड डीडीएम राकेश राणा, हरियाणा ग्रामीण बैंक क्षत्रिय प्रबन्ध विनोद सिंगला ने उपस्थिति बैंक ग्राहकों जानकारी देते हुए बताया कि लोगों जो खाते अनक्लेम्ड हो चुके और उनका पैसा आरबीआई डीफ खाते में जमा करवा दिया गया है, उसको किस प्रकार से वापस मंगवाया जा सकता है। आज पूरे देश में लगभग एक लाख 80 हजार लाख करोड़ रुपए आरबीआई के डीफ खाते में जमा हैं। उन्होंने कहा कि अपने बैंक में जाएं अपनी केवाईपूरी पूरी करके इस राशि का क्लेम कर सकते हैं। शिविर में 91 खाताधारकों के बंद पड़े खातों की 21लाख की राशि आरबीआई से से क्लेम करके वापस खाताधारकों की प्रदान की गई। कार्यक्रम में आरसीटी पीएनबी के निदेशक रमन कुमार, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अशोक कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य प्रबंधक अन्नू, सहकारी बैंक के पूर्व विकास अधिकारी एवं वित्तीय साक्षरता सलाहकार गजराज जोगपाल, पूर्व अग्रणी बैंक प्रबंधक कुलजीत सिंह, अशोक वर्मा, ज्योति पांचाल, सीएफएल मनोज और उनकी टीम, नवीन शर्मा, संदीप, अनिल एवं कृषि विभाग रतन सिंह, चिराग, राजल व भिवानी जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### आर्यन कोचिंग के बच्चों का सीईटी परीक्षा फल रहा शानदार

**चरखी दादरी।** आर्यन कोचिंग सेंटर के बच्चों का सीईटी परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। इसी खुशी में आज सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेंटर संचालक मास्टर श्रीभगवान शर्मा व सह संचालक जेपी वर्मा ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आज घोषित किए गए सीईटी परीक्षा परिणामों में बच्चों ने शानदार सफलता हासिल की है। सेंटर के कुल 126 युवाओं द्वारा इस परीक्षा को शानदार अंकों के साथ उर्तीण कर लिया गया है। सफलता पाने वाले सभी बच्चों व उनके अभिभावकों को कार्यक्रम के दौरान बधाई दी गई। संस्था संचालक मास्टर श्रीभगवान शर्मा ने कहा कि बच्चों ने साबित कर दिया है कि लगातार मेहनत के जरिए सफलता हासिल की जाती है।



### त्रिवेणी डेंटल क्लीनिक का उद्घाटन किया

**बाढडा।** कस्बे में उत्तरी भारत की सबसे बड़ी दंत चिकित्सक संस्था द्वारा संचालित त्रिवेणी डेंटल क्लीनिक की शाखा का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला सेशन न्यायाधीश नरेश कुमार ने आमजन से स्वास्थ्य सुरक्षा को दैनिक जीवन में प्राथमिकता में शामिल करने का आह्वान किया। उद्घाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा अनुसूचित वर्ग के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र सिंह बडगूजर, विधायक सुनील सांगवान, विधायक उमेद पातुवास इत्यादि ने पहुंच कर संस्था को बधाई दी। इस अवसर पर एडवोकेट सुनील शर्मा, दी केंद्रीय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास, जिला प्रबंधक विजेन्द्र सिंह हंसावास, भाजपा मंडल अध्यक्ष शमशेर पंचगांव, डॉ देवेंद्र सिंह बोहरा, एडवोकेट रघुबीर सिंह रंगा, एडवोकेट रामप्रताप, पूर्व चेयरमैन संदीप सांगवान, विनोद मांढी, डॉ. विनायक रस्तोगी, न्यूरोसर्जन, दीपक गर्ग आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग खिलाड़ियों का अलग कोष तैयार करने के लिए करेंगे सीएम से बात : कपूर

# क्रिकेट मैच में भारत ने नेपाल को 90 रनों से हराया

### इंडिया टीम के नदीम फिर चमके मैंन ऑफ़ द मैच का खिताब दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए। फोटो:हरिभूमि

हांसी मार्ग स्थित जी लिट्रा क्रिकेट ग्राउंड में भारत और नेपाल के बीच तीसरे दिन कड़ा मुकाबला रहा। तीसरे दिन की दूसरी पारी के समय बवानीखेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और समारोह की अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक ने की। स्वागत अध्यक्ष पीसीसीएआई के चेयरमैन एवं विधायक घनश्याम सर्राफ रहे। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जी लिट्रा क्रिकेट ग्राउंड में फिजिकल चैलेंजेड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा भारत व नेपाल के बीच तीन दिवसीय राष्ट्रीय टी-20 मैचों का तीसरा दिन रहा। कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम से ध्यान दास ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। दूसरी इनिंग में दोनों देशों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ व जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों ने अपने दिव्य अंग से अपनी दिव्यांगता को दूर रख दिया। पीसीसीएआई के द्वारा जो बेहतरीन प्रयास किया जा रहा है, जिनके बदौलत से दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा दिन प्रतिदिन निखरती जा रही है।

#### नेपाल की टीम मात्र 80 रनों पर ही सिमट गई

टीम इंडिया प्रवक्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि तीसरे दिन के मुकाबले में टॉस जीत नेपाल ने पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। इस दौरान भारत ने बल्लेबाजी करते हुए नेपाल के सामने 171 रनों का टारगेट रखा। जिसको नेपाल की टीम लांघ नहीं पाई। मात्र 80 रनों पर ही सिमट गई और इंडिया ने तीसरा मुकाबला 90 रनों से जीत लिया। इस बेहतरीन जीत के लिए जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी नदीम को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया जिन्होंने 5 ओवर में 5 रन देकर तीन विकेट लिए और एक छक्के की मदद से 15 रन बनाए, नदीम ने लगातार दो मैच में मैन ऑफ़ द मैच का खिताब जीता।

#### दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करें

दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए पीसीसीए आई जैसी संस्था को बड़ी सपोर्ट की जरूरत है। जिसके लिए वे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से बातचीत करेंगे ताकि हम इन दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए और इस प्रकार की संगठन के लिए कोई अलग से कोष तैयार हो।

### अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया

**भिवानी।** प्रधानाचार्य बलबीर सिंह के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 250 बच्चों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा एवं गतिविधियों का आयोजन बीवाईसीओ वरिंदर, अंकुर (डब्लूसीएस) तथा संजीव (ईडी इंस्ट्रक्टर) द्वारा बेहतरीन तरीके से किया गया। सभी प्रशिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। उन्होने बताया कि बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिनका मुख्य उद्देश्य सेवा की भावना, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देना था। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन टीम को उनकी उत्कृष्ट भूमिका के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की घोषणा की।